

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

**अनमोल वचन**

लोग चाहते हैं कि मैं बेहतर करूं, लेकिन वो कभी नहीं चाहते कि मैं उनसे बेहतर करूं। हार तो वो सबक है, जो आपको बेहतर होने का मौका देगी।

बुधवार 08 जुलाई 2026 वर्ष 02 अंक 177 पृष्ठ 5 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


## भारी बारिश के बीच नालंदा पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

## हजरत गगनदुला शाह मजार पर की चादरपोशी, अमन–चौन की मांगी दुआ

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद नीतीश कुमार मंगलबार को भारी बारिश के बीच अपने गृह जिला नालंदा पहुंचे। खराब मौसम के बावजूद उनके आगमन को लेकर समर्थकों और जदयू कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। बिहारशरीफ के गगन दीवान मोहल्ला स्थित हजरत मखदूम सैयद गगनदुला शाह रहमत. ुल्लाह अलैह के उर्स के अवसर पर उन्होंने मजार पर पहुंचकर चादरपोशी की तथा बिहार और देश में अमन–चौन, भाईचारे और खुशहाली की दुआ मांगी। लगातार हो रही तेज बारिश के बीच पूर्व मुख्यमंत्री सुरक्षा घेरे में मजार परिसर पहुंचे। बारिश के कारण उनका कार्यक्रम संक्षिप्त रहा, लेकिन उन्होंने धार्मिक परंपराओं का पालन करते हुए मजार पर हाजिरी दी और लोगों की सुख–समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इस दौरान प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे तथा बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। जदयू के राष्ट्रीय महासचिव ई. सुनील कुमार ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री का बिहारशरीफ से विशेष भावनात्मक जुड़ाव रहा है। उन्होंने कहा कि उर्स के मौके पर मजार पर पहुंचकर उन्होंने पूरे बिहार की शांति,



तरक्की और सामाजिक सौहार्द की कामना की। उन्होंने इसे सभी धर्मों और समुदायों के प्रति सम्मान और आस्था का प्रतीक बताया।ई. सुनील कुमार ने कहा कि प्रतिकूल मौसम और मूसलाधार बारिश के बावजूद नीतीश कुमार का मजार तक पहुंचना उनकी जन–आस्था और धार्मिक परंपराओं के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि विकसित बिहार के संकल्प को साकार करने के लिए जनता दल (यू) का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ काम कर रहा है।उर्स मेले के अवसर पर खराब मौसम के बावजूद बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और जदयू कार्यकर्ता मौजूद रहे। पूर्व मुख्यमंत्री को अपने बीच देखकर लोगों में उत्साह का माहौल रहा। हालांकि लगातार बारिश के कारण उन्होंने कार्यक्रम में अधिक समय नहीं बिताया और चादरपोशी एवं दुआ के बाद वापस रवाना हो गए।

## सहयोग शिविर में बोले मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी

## आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सरकार प्रतिबद्ध



**केशववाणी कुमार अभिषेक की रिपोर्ट पटना(बिहार)।** हरिपुर पंचायत सरकार भवन परिसर, फारबिसगंज प्रखंड में आयोजित सहयोग शिविर में संबोधित करते हुए बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि सरकार गांव–गांव पहुंचकर लोगों की समस्याओं का निवारण कर रही है, ताकि प्रत्येक नागरिक को समय पर न्याय और सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि सहयोग शिविरों के माध्यम से अब तक 4.53 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 4.25 लाख से अधिक आवेदनों का सफल निष्पादन किया जा चुका है। उन्होंने घोषणा की कि प्रत्येक माह के दूसरे मंगलवार को पटना में उन मामलों की समीक्षा की जाएगी, जिनका समाधान सहयोग शिविरों में नहीं हो सका है या जिन पर आवेदकों को आपत्ति है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के स्टेट हाईवे पर अब केवल व्यावसायिक (कॉमर्शियल) वाहनों से ही टोल टैक्स लिया जाएगा, जिससे आम नागरिकों और निजी वाहन चालकों को राहत मिलेगी।उन्होंने कहा कि गोरखपुर–सिलीगुड़ी फोरलेन तथा कोसी– मेची परियोजना सीमांचल क्षेत्र के विकास को नई गति प्रदान करेंगी। इसके साथ ही बिहार में अपराधियों और घुसपैठियों के खिलाफ सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत पूरी सख्ती से कार्रवाई कर रही है। इस अवसर पर उन्हा. ेंने घोषणा की कि अररिया में जल्द मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल तथा फारबिसगंज में एयरपोर्ट का निर्माण कराया जाएगा। उन्हा. ेंने कहा कि इन परियोजनाओं के पूरा होने से क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी और स्थानीय लोगों को बेहतर स्वास्थ्य एवं परिवहन सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

## नालंदा पुलिस लाइन में 162 नए सिपाहियों की पासिंग आउट परेड, देश और संविधान के प्रति ली निष्ठा की शपथ

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** बिहार पुलिस के बेड़े में सोमवार को 162 नए सिपाही आधिकारिक रूप से शामिल हो गए। नालंदा पुलिस लाइन में आयोजित भव्य दीक्षांत परेड (पासिंग आउट परेड) में प्रशिक्षु सिपाहियों ने देश और संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ ली। समारोह के मुख्य अतिथि आईजी जितेंद्र राणा ने परेड की सलामी ली और प्रशिक्षुओं का उत्साहवर्धन किया। कठोर प्रशिक्षण के बाद अब ये जवान बिहार पुलिस की सेवा के लिए पूरी तरह तैयार हैं। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें परेड, हथियार संचालन, कानून व्यवस्था, अपराध अनुसंधान, आपदा प्रबंधन और साइबर अपराध से निपटने सहित आधुनिक पुलिसिंग के विभिन्न पहलुओं का व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया गया। समारोह को संबोधित करते हुए आईजी जितेंद्र राणा ने सभी प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पुलिस की नौकरी केवल एक पद नहीं, बल्कि जनसेवा का माध्यम है। उन्होंने जवानों को वर्दी की गरिमा बनाए रखने, अनुशासन का पालन करने, निष्पक्ष एवं सत्यनिष्ठ होकर कार्य करने तथा आम जनता के साथ विनम्र और संवेदनशील व्यवहार करने की सीख दी। इस अवसर पर नालंदा के पुलिस अधीक्षक भरत सोनी ने प्रशिक्षुओं के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि प्रशिक्षण के दौरान इन जवानों ने मलमास मेले जैसे चुनौतीपूर्ण अवसरों पर भी पूरी जिम्मेदारी और सजगता के साथ अपनी ड्यूटी निभाई। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण निदेशालय के निर्देशानुसार जवानों को इनडोर और आउटडोर दोनों प्रकार का व्यापक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में विशेष रूप से नए आपराधिक कानून– भारतीय न्याय संहिता , भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम



का गहन अध्ययन कराया गया। साथ ही साइबर अपराध की बढ़ती चुनौतियों को देखते हुए डीएसपी साइबर एवं आईटी टीम द्वारा विशेष तकनीकी प्रशिक्षण भी दिया गया। आउटडोर प्रशिक्षण के तहत शारीरिक दक्षता, बैटल ऑब्स्टेकल कोर्स और फायरिंग का अभ्यास सीआरपीएफ अकादमी में कराया गया। प्रशिक्षण पूरा करने के बाद सभी 162 सिपाहियों की तैनाती अरवल और जहानाबाद जिलों में की जाएगी। इन जवानों में बिहार के अलावा उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश और झारखंड के अभ्यर्थी भी शामिल हैं, जो पुलिस बल में विविधता और एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को दर्शाता है। समारोह के अंत में अधिकारियों ने विश्वास जताया कि सभी नव नियुक्त सिपाही अपने कर्तव्यों का ईमानदारी, अनुशासन और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे तथा जनता की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे।








अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें

Mobile:-7033325120,9931609015

# नूरसराय में प्रशासन आपके द्वार: सहयोग शिविर में उमड़ी भीड़ डीएम–एसपी ने किया पौधारोपण, 113 आवेदनों का मौके पर निपटारा



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान और सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की दिशा में नालंदा जिला प्रशासन की पहल लगातार जारी है। इसी क्रम में मंगलवार को नूरसराय प्रखंड के पंचायत सरकार भवन बड़ारा एवं डोईया में सबका सम्मान–जीवन आसान कार्यक्रम के तहत सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता जिलाधिकारी श्रीमती उदिता सिंह एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने संयुक्त रूप से की। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर

विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन दिए और अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने कई मामलों का तत्काल निष्पादन करते हुए लाभुकों को आवश्यक जानकारी और सहायता उपलब्ध कराई। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और हरित वातावरण के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। जिला. धिकारी उदिता सिंह ने कहा कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी पहल सबका सम्मान–जीवन आसान का उद्देश्य सरकारी योजनाओं और सेवाओं को गांव–गांव तक सरल, पारदर्शी और सुगम तरीके से पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि सहयोग शिविरों के माध्यम से पात्र लाभुकों को आवेदन, निबंधन, सत्यापन, ई–केवाईसी सहित अन्य आवश्यक सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे लोगों को सरकारी कार्यालयों के बार–बार चक्कर नहीं लगाने पड़ते।उन्होंने बताया कि पंचायत स्तर पर आयोजित इन शिविरों को ग्रामीणों का व्यापक सहयोग और सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। इसी कारण पंचायतों एवं नगर निकायों में इस अभियान को लगातार जारी रखा जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोग सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें। शिविर में ग्रामीण विकास, राजस्व एवं भूमि सुधार, योजना एवं विकास, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण (पीएचईडी), आईसीडीएस, आपूर्ति, समाज कल्याण, पंचायती राज, कृषि, श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण तथा कल्याण विभाग सहित विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 113 आवेदन प्राप्त हुए। प्रशासन ने सभी आवेदनों का मौके पर ही निष्पादन कर लाभुकों को आवश्यक मार्गदर्शन और सुविधाएं उपलब्ध करा. ई। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचला. धिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे।

# नालंदा में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी का प्रभार हस्तांतरण, डॉ. अजय कुमार सिंह ने संभाला कार्यभार



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा जिला जन. संपर्क कार्यालय में मंगलवार को प्रभार हस्तांतरण की औपचारिक प्रक्रिया संपन्न हुई। तत्कालीन जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री गु. प्तेश्वर कुमार ने नव पदस्थापित डॉ. अजय कुमार सिंह को जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, नालंदा का प्रभार विधिवत सौंपा। प्रभार हस्तांतरण के दौरान कार्यालय से संबंधित अभिलेखों, दस्तावेजों एवं प्रशासनिक जिम्मेदारियों का नियमानुसार हस्तांतरण किया गया। इस अवसर पर जिला जनसंपर्क कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मी भी उपस्थित रहे। कार्यभार ग्रहण करने के बाद डॉ. अजय कुमार सिंह ने अपनी नई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा एवं पारदर्शिता के साथ निभाने का संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी आम लोगों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के साथ–साथ मीडिया और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना उनकी प्राथमिकता होगी। वहीं, गुप्तेश्वर कुमार ने अपने कार्यकाल के दौरान सहयोग देने के लिए जिला प्रशासन, मीडिया प्रतिनिधियों तथा कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास जताया कि नए जिला जनसंपर्क पदाधिकारी के नेतृत्व में जनसंपर्क विभाग की गतिविधियां और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित होंगी।

# दैनिक जनता दरबार में डीएम ने सुनीं 28 लोगों की समस्याएं, त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश



**केशववाणी गुड्डू कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** जिलाधिकारी श्रीमती उदिता सिंह ने मंगलबार को आयोजित दैनिक जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए कुल 28 आवेदकों की समस्याओं को

गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने सभी मामलों के त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनता दरबार में बिंद प्रखंड के ताजनीपुर पंचायत अंतर्गत सैदपुर गांव में बीएलओ एवं जनप्रतिनिधि द्वारा मतदाता पहचान पत्र (वोटर आईडी) में कथित रूप से फर्जी तरीके से कई लोगों के नाम जोड़ने की शिकायत सामने आई। इस मामले में जिलाधिकारी ने उप निर्वाचन पदाधिकारी, नालंदा को जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। एक आवेदक ने अमरूद की बागवानी में आ रही समस्याओं के समाधान की मांग की। इस पर जिलाधिकारी ने अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी को मामले का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।बिना बंटवारे के जमीन की बिक्री से संबंधित शिकायत पर भी जिलाधिकारी ने अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।जनता दरबार में रामचंद्रपुर (बिहारशरीफ) बस स्टैंड से ही बसों का संचालन सुनिश्चित करने तथा देवीसराय मोड़ पर संचालित अवैध टेंपू स्टैंड को हटाने की मांग भी उठाई गई। इस संबंध में जिलाधिकारी ने जिला परिवहन पदाधिकारी, नालंदा को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। एक महिला आवेदिका ने वृद्धा पेंशन बंद होने की शिकायत दर्ज कराई। इस मामले में

जिलाधिकारी ने सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग, नालंदा को जांच कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त जनता दरबार में प्राप्त अन्य सभी आवेदनों को भी संबंधित विभागों के अधिकारियों को भेजते हुए जिलाधिकारी ने समयबद्ध तरीके से समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।






# जमीन के नाम पर 1.30 करोड़ की कथित ठगी जेल में बंद डब्लू पर एक और प्राथमिकी दर्ज

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** करोड़ों रुपये की जमीन ठगी के मामले में न्यायिक हिरासत में बंद खाटू श्याम भक्त एवं धार्मिक प्रवचनकर्ता के रूप में पहचान रखने वाले नीतीश कुमार उर्फ डब्लू की मुश्किलें बढ़ गई हैं। करीब तीन करोड़ रुपये की कथित ठगी के मामले में पहले से जेल में बंद डब्लू के खिलाफ अब नूरसराय थाना में जमीन बिक्री के नाम पर 1 करोड़ 30 लाख रुपये की कथित ठगी का एक और मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अब आरोपी को रिमांड पर लेकर पूरे नेटवर्क की जांच की तैयारी में जुटी है। प्राथमिकी के अनुसार, जयप्रकाशपुर निवासी प्रवीण कुमार ने आरोप लगाया है कि डब्लू ने राष्ट्रीय उच्च पथ–20 के किनारे स्थित 10 डिसमिल जमीन को पूरी तरह विवादमुक्त बताकर बेचने का प्रस्ताव दिया। इसके लिए उसने अपने सहयोगी शीतल प्रसाद को फर्जी तरीके से श्जितेंद्र कुमारश नाम से जमीन मालिक बताकर प्रस्तुत किया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि डब्लू ने अपने शोरूम में दोनों की मुलाकात कराई और एक हजार रुपये के स्टांप पेपर पर एग्रीमेंट कराया, जिसमें स्वयं डब्लू गारंटर बना। पीड़ित के अनुसार, जमीन खरीदने के लिए अलग–अलग किस्तों में नकद और आरटीजीएस के माध्यम से कुल 1 करोड़ 46 लाख रुपये का भुगतान किया गया। बाद में केवल 16 लाख रुपये वापस किए



गए, जबकि शेष 1 करोड़ 30 लाख रुपये अब तक नहीं लौटाए गए और न ही जमीन की रजिस्ट्री कराई गई। शिकायतकर्ता का कहना है कि जब लंबे समय तक रजिस्ट्री नहीं हुई तो उसने अपने स्तर पर जांच कराई। जांच में पता चला कि जिस व्यक्ति को जितेंद्र कुमार बताकर जमीन मालिक के रूप में पेश किया गया था, वह वास्तव में शीतल प्रसाद था। आरोप है कि उसने फर्जी पहचान बनाकर जमीन का सौदा किया। पीड़ित ने पुलिस को एग्रीमेंट से संबंधित दस्तावेजों के साथ–साथ पैसों के लेन–देन और बातचीत के ऑडियो एवं वीडियो साक्ष्य भी उपलब्ध कराए हैं।उल्लेखनीय है कि इसी प्रकार के करीब तीन करोड़ रुपये की कथित ठगी के मामले में डब्लू 13 जून से न्यायिक हिरासत में है। उसके सहयोगी शीतल प्रसाद को भी पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पूछताछ के दौरान शीतल प्रसाद ने फर्जी पहचान अपनाकर सौदा करने की बात स्वीकार की थी।नूरसराय थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि मामला गंभीर प्रकृति का है। आरोपी को न्यायालय से पुलिस रिमांड पर लेने का अनुरोध किया जाएगा, ताकि उससे पूछताछ कर पूरे गिरोह और ठगी के अन्य मामलों का खुलासा किया जा सके। उन्होंने कहा कि पुलिस उपलब्ध कराए गए सभी दस्तावेजों और साक्ष्यों की गहन जांच कर रही है। वहीं, पीड़ित प्रवीण कुमार ने आरोप लगाया है कि प्राथमिकी दर्ज होने की जानकारी मिलने के बाद डब्लू की पत्नी ने फोन कर एफआईआर नहीं कराने का दबाव बनाया। पुलिस ने इस आरोप की भी जांच शुरू कर दी है। इस मामले में नूरसराय थाना में बीएनएसएस की धारा 173 तथा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 316(2), 318(4) एवं 61(2) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# सहयोग शिविर में जाते समय कीचड़ में फंसी जिलाधिकारी की गाड़ी, ग्रामीणों ने मशक्कत कर निकाला बाहर



**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** नालंदा जिले में लगातार हो रही बारिश के बीच उस समय एक अप्रत्याशित स्थिति उत्पन्न हो गई, जब जिला. धिकारी उदिता सिंह की सरकारी गाड़ी नूरसराय प्रखंड के बड़ारा और डोईया पंचायत जाने के दौरान कीचड़ में फंस गई।

जिलाधिकारी यहां राज्य सरकार के सबका सम्मानदृजीवन आसान अभियान के तहत आयोजित सहयोग शिविर में शामिल होने पहुंच रही थीं। जानकारी के अनुसार, भारी बारिश के कारण ग्रामीण सड़क पर कीचड़ हो गया था। इसी दौरान जिलाधिकारी का वाहन कीचड़ में धंस गया और आगे बढ़ने में असमर्थ हो गया। गाड़ी फंसने की सूचना मिलते ही आसपास मौजूद ग्रामीण और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। सभी ने मिलकर काफी देर तक मशक्कत की, जिसके बाद वाहन को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।घटना के दौरान कुछ देर के लिए मौके पर अफरा–तफरी का माहौल बना रहा, हालांकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई। वाहन निकलने के बाद जिला. धिकारी अपने निर्धारित कार्यक्रम के लिए रवाना हो गईं। इस दौरान मौजूद किसी ग्रामीण ने पूरी घटना का वीडियो अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर लिया। अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। लगातार बारिश के कारण ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों की स्थिति को लेकर भी लोग तरह–तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।

# हरनौत प्रखंड क्षेत्र में झमाझम हो रही है बारिश बारिश पड़ने से लोगों को उमेश भरी गर्मी से मिली राहत

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत(नालंदा)।** नालंदा जिले में मंगलवार को अचानक मौसम का मिजाज पूरी तरह से बदल गया। जिले के हरनौत प्रखंड क्षेत्र में देखते ही देखते झमाझम बारिश का दौर शुरू हो गया। बारिश पड़ने से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। बता दे कि पिछले कई दिनों से तेज धूप और उमस भरी गर्मी के कारण आमजन का जनजीवन प्रभावित हो रहा था। बारिश होने से मौसम पूरी तरह से सुहावना हो गया है। जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। बारिश पड़ने से सबसे अधिक लाभ किसानों को हुआ है। धान की रोपाई और अन्य फसलों की खेती कर रहे किसानों के लिए यह वर्ष काफी लाभदायक साबित हुआ है। खेतों में पर्याप्त मात्रा में नमी आने से रोपाई के कार्य में तेजी आएगी।





वहीं सिंचाई पर होने वाला अतिरिक्त खर्च भी काम होगा। प्रखंड क्षेत्र के किसानों का कहना है कि समय पर हुई बारिश से फसलों की अच्छी पैदावार की उम्मीद बढ़ गई है। बारिश पड़ने के बाद बाजारों और सड़कों पर भी लोगों की आवाजाही सामान्य हो गई है। हालांकि कुछ निचले इलाकों में हल्का जल जमाव देखने को मिला। प्रखंड वासियों ने बताया कि लगातार पड़ रही उम्मत और भरी गर्मी से बच्चे बुजुर्ग और कामकाजी लोग काफी परेशान थे बारिश के बाद तापमान में गिरावट आई है और वातावरण में ठंडक महसूस की जा रही है। किसानों और आम लोगों ने उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में भी इसी तरह से मौसम अनुकूल बना रहेगा। जिससे खेती बाड़ी के साथ–साथ लोगों को भी राहत मिलते रहेगी।

# गोइठवा नदी किनारे झाड़ियों से बोरे में मिला अज्ञात महिला का शव, हत्या की आशंका; पुलिस जांच में जुटी

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** रहुई थाना क्षेत्र के वसानपुर गांव स्थित गोइठवा नदी से सटी झाड़ियों में मंगलवार सुबह एक अज्ञात महिला का सड़ा–गला शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव प्लास्टिक के बोरे में पुलिया के नीचे पड़ा मिला। सूचना मिलते ही रहुई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार, 7 जुलाई 2026 की सुबह करीब 9 बजे रहुई थानाध्यक्ष को सूचना मिली कि वसानपुर गांव के समीप गोइठवा नदी से सटे पुलिया के नीचे एक संदिग्ध शव पड़ा है। सूचना मिलते ही वरीय अधिकारियों को अवगत कराया गया और पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। जांच के दौरान पुलिया के नीचे प्ला. स्टिक के बोरे में एक अज्ञात महिला का सड़ा–गला शव बरामद किया गया। मृतका की उम्र लगभग 25 से 30 वर्ष आंकी गई है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस निरीक्षक, नूरसराय अंचल एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर–2), बिहारशरीफ ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। वहीं वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी) टीम ने भी मौके पर पहुंचकर आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए।पुलिस ने शव का मृत्यु समीक्षा प्रतिवेदन तैयार कर उसे पा. ेस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, बिहारशरीफ भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव की पहचान कराने के उद्देश्य से उसे सदर अस्पताल के शीतगृह में सुरक्षित रखा गया है। फिलहाल मृतका की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है। इस मामले में महाल चौकीदार के आवेदन के आधार पर रहुई थाना कांड संख्या 324/26, दिनांक 07 जुलाई 2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (ठछै) की धारा 103(1) एवं 238 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है तथा मामले में अग्रेतर विधिसम्मत कार्रवाई जारी है।




# 24 घंटे में विद्यालय चोरी कांड का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार; चोरी के सभी इलेक्ट्रॉनिक सामान बरामद

**केशववाणी गुड्डू कुमार की रिपोर्ट बिंद(नालंदा)।** नालंदा पुलिस ने बिंद थाना क्षेत्र के मध्य विद्यालय बिंद में हुई लाखों रुपये के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की चोरी का महज 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी गए सभी इलेक्ट्रॉनिक सामान भी बरामद कर लिए हैं। मामले में एक अन्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस के अनुसार, 6 जुलाई 2026 की सुबह करीब साढ़े नौ बजे सूचना मिली कि मध्य विद्यालय बिंद के कार्यालय कक्ष एवं कंप्यूटर रूम का ताला काटकर अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोर विद्यालय से 10 कंप्यूटर मॉनिटर, तीन टैबलेट, एक एम्पलीफायर, एक माइक्रोफोन, एक हॉर्न यूनिट सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लेकर फरार हो गए थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बिंद थाना पुलिस ने विशेष टीम का गठन कर तकनीकी साक्ष्यों और मानवीय आसूचना के आधार पर जांच शुरू की। लगातार कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 24 घंटे के भीतर चोरी की पूरी घटना का सफल उद्भेदन कर लिया। जांच के दौरान चोरी में शामिल तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया तथा उनके कब्जे से चोरी गए सभी सामान बरामद कर लिए गए।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शुभम कुमार (20 वर्ष), पिता स्व. उपेंद्र पासवान, आदित्य कुमार (19 वर्ष), पिता राजेश कुमार तथा मोतीलाल कुमार (19 वर्ष), पिता स्व. कौशल पासवान के रूप में हुई है। तीनों बिंद थाना क्षेत्र के ही निवासी हैं। पुलिस पूछताछ में तीनों ने चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। उनके स्वीक. ारोक्ति बयान के आधार पर इस कांड में शामिल एक अन्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभा. वित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी गए 10 कंप्यूटर मॉनिटर, तीन टैबलेट, एक एम्पलीफायर, एक माइक्रोफोन, एक हॉर्न यूनिट सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए हैं। बरामद सामान को जब्त कर आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इस कार. ेवाई में बिंद थाना के थानाध्यक्ष पु.अ.नि. मुरली मनोहर आजाद, पु.अ.नि. कुंदन कुमार, स.अ.नि. संदेश कुमार तथा बिंद थाना के सशस्त्र बल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। नालंदा पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है और फरार आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# हरनौत के किचनी गांव में 440 वोल्ट तार गिरने से 8 वर्षीय किशोर की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट, हरनौत (नालंदा)।** हरनौत थाना क्षेत्र के किचनी गांव में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसे में करंट लगने से 8 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। मृतक की पहचान शिवचरण कुमार के रूप में हुई है, जो नितीश पासवान का पुत्र था। बताया जाता है कि शिवचरण घर से गली की ओर निकल रहा था। इसी दौरान अचानक 440 वोल्ट का बिजली का तार टूटकर उसके ऊपर गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। हादसे के बाद आसपास के ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। घटना की सूचना मिलते ही हरनौत थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी मुकेश कुमार वर्मा ने बताया



कि पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है, वहीं ग्रामीणों ने बिजली विभाग से जर्जर तारों की मरम्मत कराने की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# सड़क हादसे में मृत युवक के आश्रित को मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना के तहत मिली सहायता राशि



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट, हरनौत (नालंदा)।** हरनौत प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार की दोपहर करीब 1 बजे सड़क दुर्घटना में मृत युवक के आश्रित को मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना के तहत आर्थिक सहायता प्रदान की गई। प्रखंड कार्यालय के नाजिर अनिल कुमार ने मृतक की पत्नी पूजा कुमारी को 20 हजार रुपये का चेक सौंपा।प्रखंड नाजिर अनिल कुमार ने बताया कि 1 जुलाई 2026 को हरनौत नगर पंचायत क्षेत्र के डीहरीगढ़ मोहल्ले के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग–20 (एनएच–20) पर सड़क किनारे खड़े 37 वर्षीय नीतीश कुमार को एक अनियंत्रित ई–रिक्शा ने जोरदार टक्कर मार दी थी। हादसा इतना गंभीर था कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना के तहत मृतक के आश्रित के रूप में उनकी पत्नी पूजा कुमारी को तत्काल राहत के तौर पर 20 हजार रुपये की सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया है।इस अवसर पर हरनौत नगर पंचायत के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि धीरज कुमार उर्फ पल्लू सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की असमय मृत्यु से पूरा परिवार गहरे सदमे में है। मृतक अपने पीछे पत्नी और तीन छोटे–छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं, जिनके सामने अब जीवनयापन की बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है।उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मृतक के परिवार तक पहुंचाने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा

# बहादुरपुर गांव में करंट लगने से दुधारू भैंस की मौत पशुपालक ने प्रशासन से की मुआवजे की मांग

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट, हरनौत (नालंदा)।** हरनौत प्रखंड क्षेत्र के सरथा पंचायत अंतर्गत बहादुरपुर गांव में मंगलवार को करंट की चपेट में आने से एक दुधारू भैंस की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, बहादुरपुर गांव निवासी शिवनंदन यादव के पुत्र सिंटू कुमार ने बताया कि मंगलवार की दोपहर लगभग 12रू30 बजे तेज बारिश हो रही थी। इसी दौरान उनकी दुधारू भैंस गांव में लगे बिजली ट्रांसफार्मर के पास बंधी हुई थी। उन्होंने बताया कि ट्रांसफार्मर की अर्थिंग में करंट प्रवाहित होने के कारण भैंस उसकी चपेट में आ गई, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। पशुपालक का कहना है कि मृत भैंस दुधारू थी और उसी से परिवार की आजीविका का एक महत्वपूर्ण साधन जुड़ा हुआ था। भैंस की कीमत लगभग लगभग एक लाख रुपए बताई जा रही है।अचानक हुई इस घटना से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।




घटना के बाद सिंटू कुमार ने स्थानीय चंडी थाना में लिखित आवेदन देकर मामले की जानकारी दी है तथा प्रशासन से उचित जांच कराते हुए आर्थिक मुआवजा दिलाने की मांग की है।अब पीड़ित किसान की नजर प्रशासन और बिजली विभाग की कार्रवाई पर टिकी है कि पीड़ित पशुपालक को कब तक राहत और मुआवजा उपलब्ध कराया जाता है।

# वेना थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई, गिरधरचक गांव से 15 लीटर देसी शराब के साथ एक धंधेबाज गिरफ्तार, शराब बनाने के उपकरण भी जब्त



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट, हरनौत (नालंदा)।** नालंदा जिले की वेना थाना पुलिस अवैध शराब कारोबार के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के गिरधरचक गांव में बीती सोमवार की रात्रि को छापेमारी अभियान चलाकर एक शराब धंधेबाज को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 15 लीटर देसी चुलाई शराब तथा शराब बनाने में प्रयुक्त उपकरण भी बरामद कर जब्त कर लिया। जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान गिरधरचक गांव निवासी परण चौहान के पुत्र सुबोध चौहान के रूप में हुई है। पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव में अवैध रूप से देसी शराब बनाई जा रही है। सूचना मिलते ही वेना थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की। इस दौरान आरोपी शराब तैयार कर रहा था, जिसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 15 लीटर तैयार देसी शराब के साथ शराब निर्माण में उपयोग किए जाने वाले उपकरण भी जब्त किए। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। वेना थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि नालंदा पुलिस अधीक्षक भारत सोनी के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और तस्करी के खिलाफ लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले लगभग एक महीने के दौरान वेना थाना क्षेत्र से दो दर्जन से अधिक शराब कारोबारियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। थानाध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त लोगों और शराब का सेवन करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। किसी भी शराब तस्कर, कारोबारी या नशेड़ी को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। लगातार हो रही पुलिस कार्रवाई से क्षेत्र के शराब कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# नव पदस्थापित जिला शिक्षा पदाधिकारी को शिक्षक संघ ने किया स्वागत

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट, हरनौत (नालंदा)।** परिवर्तनकारी प्रारम्भिक शिक्षक संघ नालंदा के जिला व प्रखंड कार्यकारणी के सदस्यों ने मंगलवार को संघ के जिलाध्यक्ष रौशन कुमार के नेतृत्व में नव पदस्थ. ापित जिला शिक्षा पदाधिकारी हेमचंद्र को उनके कार्यालय कक्ष में पुष्प गुच्छा, पुष्प माला, अंग वस्त्र व डायरी– कलम देकर बधाई एवं स्वागत किए। इस मौके पर संघ के जिलाध्यक्ष रौशन कुमार ने कहे कि जिला शिक्षा पदाधिकारी बनकर दूसरी बार नालंदा की धरती पर आने के लिए शिक्षक इन्हे बधाई दे रहे है। उन्होंने कहा की इसके पूर्व वे कार्यक्रम पदाधिकारी की रूप में नौकरी की शुरुआत नालंदा जिला से किए थे।उस समय उन्हें डी पी ओ मध्यहन भोजन के पद पर थे और शिक्षकों के साथ इनका व्यवहार अच्छा था। जिलाध्यक्ष ने कहा की जिला शिक्षा पदाधिकारी के साथ यह शिष्टाचार मुलाक़ात है।उन्होंने कहा कि जिला शिक्षा पदाधिकारी के साथ इस शिष्टाचार मुलाक़ात में सभी प्रकार के शिक्षकों के कुछ समस्याओं से अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि नियोजित शिक्षकों को स्नातक ग्रेड में प्रा. ेन्नति, नियोजित के साथ साथ नियोजित के समय 12 वर्ष की सेवा पूर्ण विशिष्ट और प्रधान शिक्षकों को कालबद्ध प्रोन्नति, सभी प्रकार के शिक्षकों को ससमय वेतन भुगतान व बकाया राशि की भुगतान, सभी प्रकार के शिक्षकों का सेवा पुस्तिका को संधारण बी ई ओ स्तर से कराते हुए डी पी ओ स्थापना से प्रतिहस्ताक्षर




अतिशीघ्र कैम्प लगाकर किया जाना,प्रत्येक माह में एक दिन डी ई ओ के अध्यक्षता में पदाधिकारी एवं शिक्षक संघ के साथ बैठक करने सहित कई प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया गया। जिलाध्यक्ष ने जिला शिक्षा पदाधिकारी से कहे कि ऐसी व्यवस्था किया जाए की शिक्षकों की समस्याओं का समाधान सरलता हो। शिक्षकों को कार्यालय के चक्र कम लगाना पड़े ताकि शिक्षक विद्यालय में समय अधिक से अधिक देकर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे सकें।डी ई ओ ने शिक्षकों के सभी समस्याओं को ध्यान से सुनने के बाद त्वरित करवाई का अस्वाशन देते हुए स्टोनो राजेश कुमार को समाधान सबंधित पदाधिकारी व लिपिक को पत्र देने का आदेश दिए। साथ ही उन्होंने 15 अगस्त के पूर्व पुनः संघ के साथ बैठक करने का आश्वासन दिए।इस मौके पर संघ के महासचिव मो0 इरफ़ान मल्लिक, सचिव सुनील कुमार, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार, संयुक्त सचिव अतिउत्तम कुमार, शशिकांत कु0 वर्मा, संजय कुमार,प्राथमिक शिक्षक संघ गोप गुट के जिलाध्यक्ष सुनीता कुमारी,जन्म जय कु0 शाही, रवि. रंजन कुमार, दयानन्द कुमार, सूरज चौहान,नवीन कुमार, मिथलेश कुमार, उमाशंकर, अजय कुमार मनीष कुमार, मुकेश कुमार, सहित दर्जनों शिक्षक उपस्थित थे।

# चेरो ओपी थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के खरुआरा हॉल्ट के पास से एक व्यक्ति को 21.6 लीटर देसी चूलाई हुई शराब के साथ किया गिरफ्तार



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट, हरनौत (नालंदा)।** अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए हरनौत के चेरो ओपी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के खरुआरा हॉल्ट के पास से मंगलवार को एक व्यक्ति को 21.6 लीटर देसी चूलाई हुई शराब के साथ गिरफ्तार किया है। चेरो ओपी थाना प्रभारी रौशन कुमार ने बताया कि शराब धंधेबाज खरुआरा गांव के स्वर्गीय रामाशीष पासवान के पुत्र झुंझुनू पासवान है। उन्होंने बताया कि शराब धंधे बाज शराब बेचने के लिए घर के पास शराब को छुपा कर रखे हुए थे। इस दौरान कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि आगे भी शराब के विरुद्ध कार. ेवाई जारी रहेगा।

अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
Mobile:-7033325120,9931609015

# हरनौत की 5 पंचायतों में लगा विशेष सहयोग शिविर विभिन्न समस्याओं से जुड़े 230 आवेदन प्राप्त



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** आम लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से मंगलवार को हरनौत प्रखंड क्षेत्र की पांच पंचायतों में विशेष सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर सुबह 10 बजे से शुरू हुआ, जिसमें प्रखंड कार्यालय के पदाधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों के दर्जनों कर्मी मौजूद रहे। प्रखंड विकास पदा. धिकारी (बीडीओ) डॉ. पंकज कुमार ने शाम 5रू15 बजे जानकारी देते हुए बताया कि मूढ़ारी, पचौरा, सरथा, सोराडीह एवं तेलमर पंचायत में सहयोग शिविर आयोजित किया गया। शिविर के दौरान मूढ़ारी पंचायत से 90, पचौरा से 45, सरथा से 37, सोराडीह से 6 तथा तेलमर पंचायत से 50 आवेदन प्राप्त हुए। इस प्रकार पांचों पंचायतों से कुल 230 आवेदन प्राप्त हुए। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान पूर्व से लंबित आवेदनों के साथ–साथ मौके पर प्राप्त नए आवेदनों का भी यथासंभव निष्पादन किया गया। वहीं जिन मामलों का तत्काल समाधान संभव नहीं था, उन्हें संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजा गया।बीडीओ ने बताया कि विशेष सहयोग शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई, ताकि अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। गौरतलब है कि दोपहर में बारिश होने के बावजूद ग्रामीणों का उत्साह कम नहीं हुआ। बड़ी संख्या में लोग शिविर में पहुंचे और अपनी–अपनी समस्याएं संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के समक्ष रखीं। अधिकारियों ने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके समाधान का भरोसा दिलाया।

# सरमेरा बंदोबस्त कार्यालय में विदाई समारोह

## विशेष सर्वेक्षण पदाधिकारियों को दी गई भावभीनी विदाई



**केशववाणी कुमार अभिषेक की रिपोर्ट सरमेरा (नालंदा)।** सरमेरा अंचल स्थित बंदोबस्त कार्यालय में मंगलबार को विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी कौशलेंद्र कुमार एवं राहुल रंजन के सम्मान में एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मियों ने दोनों पदाधिकारियों के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके प्रशासनिक योगदान को याद किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि दोनों पदाधिकारियों ने विशेष सर्वेक्षण कार्यों के सफल संचालन में अपनी महत्वपूर्ण भू. मिका निभाई। उन्होंने अपने कार्यकाल में कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और समर्पण के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन किया, जिससे कार्यालय के कार्यों को गति मिली। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके सरल व्यवहार, कार्यकुशलता और सहयोगात्मक कार्यशैली की भी प्रशंसा की।विदाई समारोह में विशेष सर्वेक्षण कानूनगो मनोज कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन मनीषा यादव, ज्योति कुमारी, शशि भूषण कुमार, धीरज कुमार, कृष्ण मुरारी, मो. मुशर्रफ तथा क्लर्क मधु कुमारी सहित कार्यालय के अन्य कर्मी मौजूद रहे। सभी ने दोनों पदाधिकारियों को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति–चिह्न भेंट कर सम्मानित किया और उनके आगामी दायित्वों के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कीं। समारोह के अंत में विदाई ले रहे पदाधिकारियों ने भी सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरमेरा बंदोबस्त कार्यालय में मिला सहयोग और अपनापन हमेशा उनकी स्मृतियों में रहेगा। उन्हा. ने सभी सहकर्मियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कार्यालय की टीम भावना की सराहना की। पूरे कार्यक्रम का माहौल आत्मीय और भावुक रहा।

# हरनौत थाना क्षेत्र के पंचशील नगर मोहल्ले में स्थित कस्तूरबा स्कूल के पास से 180 एमएल के कुल 40 पीस अंग्रेजी हुआ बरामद, मौके से शराब तस्कर हुआ फरार



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत थाना पुलिस अवैध शराब कारोबार के खिलाफ लगातार सख्त कार. वाई कर रही है। हरनौत थाना पुलिस के द्वारा संध्या गस्ती के दौरान सोमवार की शाम लगभग 6 बजे अंग्रेजी शराब बरामद की है। हरनौत थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा ने बताया थाना क्षेत्र के पंचशील नगर मोहल्ले में अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि सफेद रंग के यामाहा मो. टरसाइकिल पर अंग्रेजी शराब लेकर तस्कर शराब बेचने के फिराक में था। पुलिस की गाड़ी देखा तो बैग में रखे शराब को मोटरसाइकिल पर छोड़कर भागने लगा। काफी देर तक पीछा किया गया लेकिन शराब तस्कर भागने में सफल रहा। मोटरसाइकिल की तलाशी ली गई तो बैग में रखें ऑफिसर चॉइस ओरिजिनल व्हिस्की 180 एमएल के 40 पीस कुल शराब की मात्रा 7.5 लीटर बरामद हुआ। उन्होंने बताया की मोटरसाइकिल नंबर प्लेट के आधार शराब तस्कर की पहचान कर ली गई है। शराब तस्कर हरनौत बाजार स्थित गौतम नगर मोहल्ले के सुधीर प्रसाद के पुत्र नीरज कुमार वर्मा और सरवन साब के पुत्र रंजन कुमार हैं। उन्होंने बताया कि थाना में पद स्थापित दरोगा भूषण कुमारऔर सिपाही अभिमन्यु कुमार, कुंदन कुमार के नेतृत्व में यह करवाई की गई।थानाध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त लोगों और शराब का सेवन करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। किसी भी शराब तस्कर, कारोबारी या नशेड़ी को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। लगातार हो रही पुलिस कार्रवाई से क्षेत्र के शराब कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।










अपने क्षेत्र के खबर भेजने या
विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120,9931609015